दुर्घटना — करंट लगने से दो ने तोड़ा दम, जिले में 24 घंटे के अंदर 5 लोगों की गई जान

# सर्पदंश से दो बच्चों सहित तीन की मौत

**नवभारत,दमोह।** जिले में 24 घंटे के भीतर सर्पदंश और करंट की घटनाओं में पांच लोगों की मौत से शोक का माहौल है। कुम्हारी थाना क्षेत्र के ककरा गांव निवासी 11 वर्षीय भूरा आदिवासी को सर्पदंश के बाद जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

नोहटा थाना के बनवार चौकी अंतर्गत झलौरी गांव की 11 वर्षीय आरती रैकवारकी भी सर्पदंश से मौत हो गई। उसे भी इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। बटियागढ़ थाना क्षेत्र के आंजनी गांव निवासी 40 वर्षीय तुलसा रानीको सर्पदंश के बाद जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### करंट लगने से दो की मौत

देहात थाना क्षेत्र के करैया झागरी निवासी 19 वर्षीय शिवम गुप्ता, पिता अतुल गुप्ता की करंट लगने से मौत हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित किया। भदौली निवासी 53 वर्षीय भोग सिंह, पिता अर्जुन सिंह की भी करंट की चपेट में आने से मौत हुई। उन्हें भी जिला अस्पताल लाया गया था।लगातार हो रही इन घटनाओं से परिजनों में शोक व्याप्त है।



### बस ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर

दमोह देहात थाना क्षेत्र की जबलपुर नाका चौकी अंतर्गत आने वाले न्यू दमोह कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे एक यात्री बस के चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी. परिजन घायल को गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए. जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है.

**पीछे से मारी टक्कर–** पुलिस ने पहुंचकर मामला दर्ज कर बस को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है. घायल युवक की पहचान 21 वर्षीय कृष्णा अहिरवार न्यू दमोह के रूप में हुई है. घायल के पिता सेवक राम ने बताया कि उनका बेटा स्कूटी पर सड़क किनारे बैठा था तभी कटनी से आ रही एक यात्री बस के चालक ने बेटे को पीछे से टक्कर मार दी. घटना के बाद बस चालक बस लेकर भाग गया, लेकिन आगे बस सड़क किनारे फंस गई।

### बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, 3 घायल



जबेरा थाना क्षेत्र के कलेहरा चौराहे पर मंगलवार को एक अज्ञात बोलेरो वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 एफआरवी जबेरा से आरक्षक उवेश खान और पायलट महेंद्र ठाकुर तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस से जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों का इलाज जबेरा में ही चल रहा है, जबकि एक की हालत नाजुक होने पर उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। जबेरा पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# 750 श्रद्धालुओं का दल हरिद्वार और ऋषिकेश रवाना

**मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों का सपना पूरा**

**नवभारत,दमोह 3 जुलाई।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ दर्शन कराने का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है. इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से तीर्थ दर्शन ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है,जिससे बुजुर्ग श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिल रहा है.

यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ट्रेन में भोजन, पेयजल, चिकित्सकों की उपलब्धता सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं. इसके साथ ही पूरी ट्रेन वातानुकूलित (एसी) होने से यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और सुखद यात्रा का अनुभव मिलेगा.

### हरी झंडी दिखाकर राज्यमंत्री लोधी ने किया रवाना

इस आशय के विचार के प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने दमोह से हरिद्वार-ऋषिकेश के लिए तीर्थ दर्शन विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए व्यक्त किए. राज्यमंत्री लोधी ने कहा दमोह से इस पवित्र यात्रा की शुरुआत होना जिले के लिए विशेष महत्व रखता है. ट्रेन में लगभग 750 श्रद्धालु तीर्थ दर्शन के लिए रवाना हुए.

### चिकित्सकों की टीम तैनात रहेगी

यात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए चिकित्सकों की टीम, सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल, प्रशासनिक समन्वय हेतु तहसीलदार सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी भी साथ मौजूद हैं. उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक तीर्थयात्री सुरक्षित, स्वस्थ व सुखद वातावरण में यात्रा पूरी कर उसी व्यवस्था के साथ सकुशल अपने घर लौटे.

# 300 पाव अवैध देशी शराब व स्कूटी जब्त

**हटा पुलिस की कार्रवाई, आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार**



**नवभारत, हटा 3 जुलाई।** जिला पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया व एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना हटा पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में देशी शराब एवं एक इलेक्ट्रिक स्कूटी जब्त की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 जुलाई को रात में मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुड़ई का एक व्यक्ति अपने साथी के साथ स्कूटी से अवैध शराब लेकर लुहारी की ओर आने वाला है। सूचना का विधिवत पंचनामा तैयार कर स्वतंत्र साक्षियों को साथ लेकर पुलिस टीम ने लुहारी मार्ग पर सुजानपुरा गांव के पास वाहन चेकिंग शुरू की।

### स्कूटी सड़क किनारे छोड़कर भागे आरोपी

चेकिंग के दौरान लुहारी की ओर से एक सिल्वर रंग की चेतक कंपनी की इलेक्ट्रिक स्कूटी आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किए जाने पर चालक एवं पीछे बैठा व्यक्ति स्कूटी सड़क किनारे छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए खेतों की ओर भाग निकले। तलाशी लेने पर स्कूटी के पास रखी एक बड़ी प्लास्टिक की बोरी में 6 पॉलीथीन में देशी प्लेन शराब तथा 6 पॉलीथीन में देशी मसाला (प्रिंस लेमन ऑरेंज) शराब रखी मिली। प्रत्येक पॉलीथीन में 25-25 पाव शराब थी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी चार गंभीर घायल

**नवभारत,दमोह।** जिले की तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी के समीप सतधरू घाटी पर शुक्रवार शाम को लोहे की छड़ से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार चालक सहित चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए तत्काल 108 एंबुलेंस के माध्यम से दमोह जिला अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटीरत डॉक्टर ने चारों का प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार घायलों में सुरेंद्र लोधी, आकाश लोधी निवासी हाथी घाट, हरिद्वार शामिल हैं। मौके पर 108 पायलट मनोज, ईएमटी संदीप और एक अन्य 108 पायलट व ईएमटी ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

# 7 ब्लैक स्पॉट पर त्वरित सुधार कार्य के निर्देश

**सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तेंदूखेड़ा पुलिस ने किया निरीक्षण**

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 3 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व आमजन की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना तेंदूखेड़ा क्षेत्र के चिन्हित 7 ब्लैक स्पॉट का संयुक्त निरीक्षण किया गया.

निरीक्षण के दौरान दुर्घटना की संभावनाओं का सूक्ष्मता से मूल्यांकन करते हुए आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर संबंधित विभागों के साथ विस्तृत चर्चा की गई.निरीक्षण में नाग बाबा मंदिर, बमहोरी तिराहा, ठाकुर ढाबा से बड़ी खेर माता मंदिर मार्ग,भोड़ी मंदिर तिराहा, नरगुआ टेक, 27 मील चौराहा व पण्डा बाबा मंदिर सहित सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया.



### गति सीमा संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश

संयुक्त टीम द्वारा एमपीआरडीसी रोड एजेंसी व मेंटेनेंस एजेंसी को शॉर्ट टर्म रेक्टिफिकेशन के अंतर्गत आवश्यक सुरक्षा कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। इनमें चेतावनी व गति सीमा संकेतक बोर्ड, कैट आई, रोड मार्किंग, रिफ्लेक्टर, साइड शोल्डर का भराव, दृश्यता बढ़ाने हेतु पेड़ों एवं झाड़ियों की सफाई, रंबल स्ट्रिप तथा मोड़ों पर दिशा सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश शामिल हैं।

### स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

साथ ही बमहोरी तिराहा एवं 27 मील चौराहा पर रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने के लिए पर्याप्त हाई-मास्ट/स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु भी संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया गया। यह निरीक्षण एसडीओपी तेंदूखेड़ा श्रीमती अर्चना अहीर, थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा श्रीमती सरोज ठाकुर, यातायात निरीक्षक दलवीर मार्को, एमपीआरडीसी रोड एजेंसी के डिवीजनल मेनेजर विनोद कुमार व मेंटेनेंस एजेंसी के प्रतिनिधियों की संयुक्त उपस्थिति में संपन्न हुआ.

# कई ग्राम पंचायतों ने की सरकारी आदेशों की अवहेलना

**पथरिया, नवभारत 3 जुलाई।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल द्वारा 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' के समापन को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। विभाग के प्रदेश की समस्त जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों को विशेष ग्राम सभाओं के आयोजन के कड़े निर्देश थे।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 19 मार्च (वर्ष प्रतिपदा) से शुरू हुए इस महाअभियान के तहत करीब 362 लाख से अधिक जल संवर्धन कार्य किए गए, जिसका समापन 25 से 30 जून के बीच समारोहपूर्वक किया जाना था। शासन का स्पष्ट निर्देश था कि इन विशेष ग्राम सभाओं में नोडल अधिकारियों की उपस्थिति हो। फ़ोटोग्राफ्स, छोटे वीडियो और संक्षिप्त रिपोर्ट मोबाइल ऐप पर अपलोड की जाए, लेकिन जिला पंचायत दमोह और जनपद पंचायत पथरिया के अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों में इन आदेशों की अवहेलना की गई।



**बच्चों के भरोसे चल रही ग्राम सभा की बैठक–** वरिष्ठ अधिकारियों और पंचायत राज व्यवस्था को शर्मसार करने वाला एक मामला जनपद पंचायत पथरिया की ग्राम पंचायत सेमरा लोधी में सामने आया है। यहां ग्राम सभा का आयोजन नियमों को ताक पर रखकर सीधे सरपंच के घर पर कर दिया गया। हद तो तब हो गई जब बैठक की औपचारिकता पूरी करने के लिए छोटे-छोटे बच्चों को बुलाकर बैठा दिया गया। सोशल मीडिया और क्षेत्र में वायरल हो रही तस्वीरों से यह साफ उजागर हो रहा है।

## एसपी ने किए 3 प्रधान आरक्षकों के तबादले

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगी द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से तीन कार्यवाहक प्रधान आरक्षकों के अस्थाई स्थानांतरण के आदेश जारी किए गए हैं। जारी सूची के अनुसार, थाना हिंडोरिया की बांदकपुर चौकी में पदस्थ प्र.आर. संजय पाठक को थाना हिंडोरिया भेजा गया है।प्र.आर. भानु उपाध्याय को थाना हिंडोरिया से थाना बटियागढ़ स्थानांतरित किया गया है, जबकि प्र.आर. जगदीश शर्मा को थाना हिंडोरिया से थाना तेंदूखेड़ा भेजा गया है।

# हटा मंडी प्रांगण में किया गया धरना-प्रदर्शन

**खाद-बीज की किल्लत के मुद्दों पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत,हटा 3 जुलाई।** जिले की हटा विधानसभा में शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में विशाल एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया. मंडी प्रांगण में दोपहर 1 बजे से शुरू हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं, खाद-बीज की किल्लत, डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस और बिजली की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व हटा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश उर्फ गोलू शराफ ने किया.



इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हटा विधानसभा प्रभारी लखन पटेल,जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व मंत्री राजा पटेरिया,कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप खटीक, हटा, शहर अध्यक्ष दीपेश पटेरा ब्लॉक अध्यक्ष नंदे लाल चौरसिया, शहर अध्यक्ष नितिन ताम्रकार, धर्मेंद्र चौधरी,भरत ताम्रकार,मुकेश विश्वकर्मा, सचिन शुक्ला, कलीमुद्दीन खान,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे.

## एक नजर में

### लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित



**कुम्हारी नवभारत 3 जुलाई।** क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। कुम्हारी और पटेरा क्षेत्र के कई मोहल्लों में नालियां जाम होने के कारण बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। इससे रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के दौरान लोग बाल्टियों और मोटर पंप की मदद से घरों से पानी निकालते नजर आए। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जलभराव और घरों में घुसे पानी के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए, जो तेजी से वायरल हो रहे हैं। वायरल वीडियो में विकास कार्यों और जल निकासी व्यवस्था की पोल खुलती दिखाई दे रही है। लोगों ने संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन से नालियों की तत्काल सफाई एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि बारिश के दौरान ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

### कुएं में मिला 14 वर्षीय नाबालिग का शव

**नवभारत,दमोह।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सरकारी बस स्टैंड के पास स्थित कुएं में शुक्रवार शाम को एक नाबालिग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली से एएसआई अलजार सिंह, प्रधान आरक्षक कल्याण, ओमप्रकाश सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसडीईआरएफ प्रभारी प्राची दुबे व टीम के द्वारा शव को कुएं से बाहर निकाला गया. पुलिस द्वारा की गई पतासजी में मृतक की पहचान बड़ा पुरा निवासी राज पिता देवराज अहिरवार, उम्र करीब 14 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। फिलहाल मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

### बरगद के पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**नवभारत,मड़ियादो।** थाना मड़ियादो कस्बे के बालिका छात्रावास के पीछे नाला जाने वाले मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति का शव बरगद के पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मड़ियादो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान दिब्बी रजक निवासी मड़ियादो के रूप में हुई है।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। शुक्रवार सुबह नाला की ओर जा रहे लोगों ने शव को पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

**जबेरा पुलिस का सेल्फ क्लिक 2 .0 साइबर सुरक्षा अभियान**

# बस स्टैंड पर लोगों को किया जागरूक

**नवभारत,जबेरा 3 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया व एसडीओपी अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में नवागत थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी के द्वारा नगर में श्सेल्फ क्लिक 2.0श् साइबर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत बुधवार को जबेरा बस स्टैंड पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक प्रेम बैरागी व नरेंद्र पांडे ने आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया, वहीं आरक्षक विवेक कटारे ने साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने तथा ऑनलाइन ठगी से कैसे बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर विश्वास नहीं करने तथा साइबर अपराध होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान प्रधान आरक्षक प्रेम बैरागी, नरेंद्र पांडे, आरक्षक विवेक कटारे, आरक्षक अनमोल दीक्षित, आरक्षक राहुल शर्मा सहित थाना जबेरा का पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा.पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का आग्रह किया.




## भाजपा जबेरा मंडल की मासिक बैठक आयोजित



**नवभारत,जबेरा।** भाजपा जिला दमोह की जबेरा विधानसभा अंतर्गत जबेरा मंडल की मासिक मंडल बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे व जिला उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य में किया गया.जिसमें भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों व संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई.बैठक में श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मरण पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया, जिससे संगठन को तकनीकी रूप से और अधिक सशक्त बनाया जा सके। बैठक में संगठन को मजबूत करने व आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया.

## पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का पंजीयन 25 तक

**नवभारत,दमोह।** मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित होने वाली पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई है.7 अगस्त को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा. प्राचार्य द्वारा अपने विद्यालय के तीन श्रेष्ठ विद्यार्थी जो की कक्षा नवमी से 12वीं के हो सकते हैं का चयन कर ऑनलाइन पंजीयन करें यह प्रतियोगिता सभी सीबीएसई विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय सहित माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के सभी शासकीय/ अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है.श्रेष्ठ छह विजेता प्रतिभागियों की टीम को मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के होटल में दो दिन एक रात तथा तीन दिन दो रात ठहर कर घूमने का अवसर प्राप्त होता है.

जलभराव — पंचायत की लापरवाही पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

# भारी बारिश से सिंग्रामपुर जलमग्न, घरों और स्कूलों में घुसा पानी

**नवभारत,सिंग्रामपुर 3 जुलाई।** गुरुवार-शुक्रवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश ने सिंग्रामपुर सहित आसपास के कई गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया. लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर आ गए और गांव के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन गई. नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से बारिश का पानी घरों, स्कूलों, सोसाइटी परिसर, बालक छात्रावास और सार्वजनिक स्थानों में घुस गया. कई घरों में पानी भरने से लोग परेशान नजर आए, जबकि बच्चे पानी से भरी गलियों में खेलते दिखाई दिए। सबसे अधिक परेशानी प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में देखने को मिली। स्कूल परिसर और मैदान में घुटनों तक पानी भर जाने से छोटे-छोटे बच्चों को कक्षाओं तक पहुंचने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा।



**स्थायी समाधान के प्रयास नहीं किए जाते–** ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के चार महीनों तक हर वर्ष यही स्थिति बनी रहती है, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं किए जाते।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्षों से नालियों की सफाई नहीं कराई गई है। जगह-जगह नालियां कचरे से भरी हुई हैं, जिससे पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो जाती है। परिणामस्वरूप बारिश का पानी सीधे घरों और सार्वजनिक भवनों में घुस जाता है।

### वर्षों से नालियों की सफाई नहीं हुई

ग्रामवासी प्रभु पटेल ने बताया कि उनके वार्ड सहित पूरे गांव में कई वर्षों से नालियों की सफाई नहीं हुई है। नालियां कूड़ा-कचरे से अडे पड़ी हैं और पंचायत प्रतिनिधि समस्या का जायजा लेने तक नहीं आते। उन्होंने बताया कि खेरमाई मंदिर के पास मुख्य नाली चोक होने से पानी की निकासी बंद हो गई है, जिससे आसपास के घरों में पानी भर गया और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### नालियों पर अतिक्रमण भी बड़ी समस्या

ग्रामीणों के अनुसार जलभराव का एक बड़ा कारण नालियों पर किया गया अतिक्रमण भी है। कई स्थानों पर लोगों ने मुख्य नालियों के ऊपर स्लैब और अन्य निर्माण कर दिए हैं, जिससे पानी का प्रवाह रुक गया है। वर्षों से सफाई नहीं होने और अतिक्रमण के कारण हर बारिश में गांव जलभराव की चपेट में आ जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव की सभी नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए, अतिक्रमण हटाकर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा स्कूल परिसर और निचले इलाकों में जलभराव की स्थायी समस्या का समाधान किया जाए।